दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

SJT

वर्ष-13, अंक-259 बुधवार 18 सितंबर, 2024, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes

चुनाव के इस पर्व में प्रदेश का गर्व बढ़ाने के लिए मताधिकार में भागीदार बनें फरीदाबाद : प्रणव सुरमा

फरीदाबाद, 17 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल। हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर फरीदाबाद जिला में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं भागीदारी- स्वीप के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता की इस सार्थक मुहिम में जिला प्रशासन के सहयोगी के रूप में मंगलवार को पेरिस पैरा ओलंपिक में क्लब थ्रो से सिल्वर मेडल विजेता प्रणव सुरमा ने भी आमजन से लोकतंत्र के इस महापर्व में आहुति डालने के लिए प्रेरित किया।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में व स्वीप के नोडल अधिकारी एवं एडीसी डा.आनंद शर्मा की देखरेख में आमजन को विभिन्न जागरूकता गतिविधियों से आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पेरिस 2024 पैरालंपिक में पुरुषों के क्लब थ्रो से सिल्वर मेडल विजेता प्रणव सुरमा ने जागरूकता अपील के माध्यम से कहा कि मतदान करके हम लोकतंत्र के इस चुनावी पर्व में विधान सभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आगामी 05 अक्टूबर 2024 को हरियाणा में विधानसभा चुनाव है जिसमें सभी फरीदाबाद वासी सहित प्रदेश की जनता और अपने मत की शक्ति का सही उपयोग करते हुए वोट करें। उन्होंने विशेष तौर पर दिव्यांगजन से भी अपील की कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए सक्षम एप का उपयोग करें। यह मोबाइल एप दिव्यांगजनों की सुविधा को देखते हुए बनाया गया है जिसके माध्यम से दिव्यांगजन मतदान करते हुए अपने अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। दिव्यांगजन चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस एप का उपयोग भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आइए अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर चुनाव का पर्व प्रदेश के गर्व को आगे बढ़ाएं।

राजकीय विद्यालयों में जागरूकता रैली का हुआ आयोजन: मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्हेड़ा खुर्द, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सारन और अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के छात्र-छात्राओं ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली। विद्यार्थियों ने आमजन से आह्वान किया कि विधानसभा चुनाव नजदीक है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान प्रक्रिया में अवश्य भागीदार बनना चाहिए। रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने मतदान के अधिकार के महत्व और इसके प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आग्रह किया।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली रेली

बल्लबगढ़, 17 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में मंगलवार को चुनावी साक्षरता क्लब द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक मतदाता जागरूक रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवा मतदाताओं की अहम भूमिका है, इसलिए लोकतंत्र के इस पर्व में, एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए सभी मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन के सजग होकर सोच समझ कर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और आस-पास के नागरिकों को भी स्वतंत्र निष्पक्ष मतदान करने व अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों के साथ लोगों के मतदान के प्रति जागरूक किया।

छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान। वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है। लोकतंत्र की यही पहचान, मत, मतदाता और मतदान। इस रैली का आयोजन चुनावी साक्षरता क्लब कि नोडल अधिकारी डॉ. रितु व अन्य सदस्य, एन.सी.सी. अधिकारी सबलेफ्टिनेंट डॉ. पूजा सैनी,५ श्री सुभाष, डॉ. रचना कलसन वाणिज्य विभाग सहायक प्रोफेसर शारीरिक शिक्षक विभाग डॉ. जगबीर सिंह व श्री पवन दलाल द्वारा किया गया।